सं. ए.13011/1/2014
भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग
****

अंतरिक्ष भवन,
न्यू बी.ई.एल. रोड,
बेंगलोर-560 231

फरवरी 11, 2014

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

**विषय: विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र,(वीएसएससी),तिरुवनंतपुरम में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ₹67000-79000/- के एच.ए.जी. के वेतनमान में मुख्य नियंत्रक के एक पद को भरने के-संबंध में।**

इस विभाग के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र (वीएसएससी), तिरुवनंतपुरम में प्रतिनियुक्ति के आधार पर ₹67000-79000/- के एच.ए.जी. के वेतनमान में मुख्य नियंत्रक के पद को भरने का प्रस्ताव है। भर्ती नियमों के अनुसार, पात्रता मापदण्ड अनुबंध-। में दर्शाया गया है। चयनित अधिकारी की सेवा की अन्य शर्तों तथा वेतन को, समय-समय पर यथा संशोधित, दिनांक-जनवरी 05, 1994 के का.ज्ञा.सं. 2/29/91-स्थापना (वेतन-।।) के अनुसार नियमित किया जाएगा।

2. मुख्य नियंत्रक वीएसएससी के प्रशासन प्रमुख होंगे, जो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का बृहत्तम केन्द्र है और जिसमें लगभग 5000 कर्मचारी कार्यरत हैं।

3. उचित माध्यम द्वारा भेजे गए अर्ह अधिकारियों के आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा और जो (i) **अनुबंध -।।** में संलग्न प्रपत्र में जीवन-वृत्त; (ii) समूह-क अधिकारी द्वारा सत्यापित कम-से-कम पिछले पाँच वर्ष के सीआर/एपीएआर सहित अधिकारी के आज तक के सीआर/एपीएआर की स्वच्छ प्रतिलिपियाँ, (iii) संवर्ग अनुमति, (iv) सतर्कता एवं अनुशासन की ओर से अनुमति, तथा (v) पिछले वर्षों में अधिकारी पर लगाए गए मुख्य या लघु दण्डों का ब्यौरा देने वाला विवरण, यदि कोई हो तो, संलग्न होना चाहिए।

4. सभी मंत्रालय/विभाग/संवर्ग प्राधिकारीगण तथा राज्य सरकार/उपक्रम से अनुरोध है कि अर्ह एवं इच्छुक अधिकारियों के आवेदनों को निर्धारित प्रपत्र में श्री एन. पट्टाभिरामन, अवर सचिव, भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग, अंतरिक्ष भवन, न्यू बी.ई.एल. रोड, बेंगलूर-560231 को **मार्च 31, 2014** तक अग्रेषित करें।

जी. गजेन्द्र
(जी. गजेन्द्र)
विशेष कार्य अधिकारी

**सेवा में,**

अंग्रेजी वितरण सूची के अनुसार

अनुबन्ध-I

**विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र (वीएसएससी),अंतरिक्ष विभाग / भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, तिरुवनंतपुरम में मुख्य नियंत्रक के पद लिए पात्रता मानदण्ड**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | पद का नाम | मुख्य नियंत्रक विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, तिरुवनंतपुरम |
| 02. | वेतनमान/वेतन बैण्ड/वेतनमान | ₹67000-79000/-का एच.ए.जी. वेतनमान |
| 03. | पात्रता | अखिल भारतीय सेवा एवं केन्द्रीय समूह-"क" सेवा के अधिकारियों सहित केन्द्रीय/राज्य सरकार तथा इसके स्वायत्त निकाय/संस्थान/सोसाइटी/निगम के अधिकारीगण जो<br>I. नियमित आधार पर सदृश्य पद धारण किये हुए हों;<br>II. पीबी-4 में ₹10000/- के श्रेणी वेतन के पद पर 3 वर्ष की नियमित सेवा की हो;<br>III. समूह-क के पद पर 27 वर्ष की नियमित सेवा जिनमें से कम-से-कम एक वर्ष की सेवा पीबी-4 में ₹10000/- के श्रेणी वेतन के पद पर होनी चाहिए। |
| 04. | शैक्षणिक अर्हता | मान्यता प्राप्त भारत के किसी विश्वविद्यालय/ संस्थान से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर। |
| 05. | अनुभव | सरकारी/स्वायत्त निकायों/ सार्वजनिक उपक्रमों में कार्मिक प्रबन्धन, सामान्य प्रशासन, वित्त, क्रय एवं माल सूची प्रबन्धन के क्षेत्र में अनुभव अपेक्षित है । |
| 06. | प्रतिनियुक्ति की अवधि | प्रतिनियुक्ति की अवधि जिसमें केन्द्रीय सरकार के उसी अथवा अन्य संगठन विभाग में इस नियुक्ति के तुरंत पहले धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है, सामान्यतया, 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी । |
| 07. | आयु सीमा | आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक न हो। |

अनुबन्ध-II

**विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र (वीएसएससी),अंतरिक्ष विभाग / भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, तिरुवनंतपुरम में मुख्य नियंत्रक के पद के लिए आवेदन**

**प्रपत्र**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | नाम | |
| 02. | जन्म की तिथि | |
| 03. | पदनाम व श्रेणी वेतन के साथ वेतन बैण्ड | |
| 04. | किस संवर्ग/सेवा में आते हैं | |
| 05. | शैक्षिक अर्हता | |
| 06. | क्या अनु.जा. /अनु.ज.जा. /अल्पसंख्यक हैं | |
| 07. | वर्तमान पद का विवरण<br>क) दिनांक जिससे इस पद पर हैं<br>ख) श्रेणी वेतन के साथ वेतन बैण्ड<br>ग) स्थायी/तदर्थ/प्रतिनियुक्ति<br>घ) यदि वर्तमान पद 'प्रतिनियुक्ति पर' धारण किये हैं, तो कब से और प्रतिनियुक्ति की अवधि के पूर्ण होने का दिनांक<br>ङ) यदि धारित पद प्रतिनियुक्ति पर है, तो इस संवर्ग में नियमित पद धारण करने का दिनांक, श्रेणी वेतन एवं वेतन बैण्ड | |
| 08. | पिछले 15 वर्ष के दौरान धारित पद | |

| क्र.सं. | कार्यालय/संगठन का नाम जहाँ नियोजित हैं | धारित पद और वह सेवा/संवर्ग जिसके अधीन आता है | से | तक | श्रेणी वेतन के साथ वेतन बैण्ड | निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्य की प्रकृति का सार:--<br>(क).प्रशासन<br>(ख).सतर्कता<br>(ग).वित्तीय मामले |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| | | | | | | |

9. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई है, जिसका उल्लेख, आप इस पद पर अपने आवेदन की पुष्टि के लिए करना चाहें:

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
दूरभाष सं............
मोबाइल नं...........
क) कार्यालय का पता:
ख) आवास का पता

स्थान :
दिनांक :

अनुबन्ध-III

<u>नियोक्ता/कार्यालय प्रधान/ प्रेषक अधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र</u>

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.................................. द्वारा दिया गया विवरण सही है और यह अनुबन्ध-II में उल्लिखित शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव प्राप्त किये हुए हैं ।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है, कि उनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/ सतर्कता मामले लंबित नहीं हैं ना ही विचाराधीन है ।

3. उनकी निष्ठा प्रमाणित की जाती है ।

4. पिछली 10 वर्ष की अवधि के दौरान श्री/श्रीमती/कुमारी.................................. पर किसी प्रकार की बड़ी या छोटी शास्ति नहीं लगाई गई थी।

5. श्री/श्रीमती/कुमारी.................................. के संबंध में ए.सी.आर./ए.पी.ए.आर. की अद्यतन की गई सत्यापित छाया प्रतियाँ (ए.सी.आर./ए.पी.ए.आर. की प्रत्येक छाया प्रति सत्यापित की जानी चाहिए) इसके साथ संलग्न हैं ।

हस्ताक्षर :

प्रेषक अधिकारी का
नाम, पदनाम
मुहर के साथ
दूरभाष सं.

मोबाइल सं.

स्थान:

दिनांक: